www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802


सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-171 | सागवाड़ा, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## RSS के सर संघचालक मोहन भागवत का वागड़ में प्रस्तावित दौरा, भेमई में रुकेंगे

### 26 फ़रवरी को फ्लावर किड्स स्कूल में मोहन भागवत के उद्बोधन की तैयारी

**डूंगरपुर, चंद्रेश व्यास।** वर्तमान के भारत में ताक़तवर व्यक्तित्व की बात की जाए तो ये कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि RSS यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन के सर संघचालक मोहन भागवत का नाम लिया जाए। अब इसी नाम की चर्चा से वागड़ में की जा रही है। विश्व के सबसे बड़े स्व अनुशासित संगठन यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के वागड़ में आने का कार्यक्रम



प्रस्तावित है। बताया जा रहा है कि फ़रवरी माह में डूंगरपुर ज़िले के सागवाडा क्षेत्र की 3 दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वागड़ में उनके आने को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से इसे लेकर गाँव गाँव बैठकर संघ के स्वयं सेवकों को मोहन भागवत के कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मोहन भागवत इन 3 दिनों में भेमई गाँव में रहेंगे। साथ ही वे इन 3 दिनों में वागड़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वागड़ और आदिवासी संस्कृति से रूबरू होंगे। इसे लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि 26 फ़रवरी को फ्लावर किड्स स्कूल में मोहन भागवत का उद्बोधन भी रहेगा। इसे लेकर नए और पुराने स्वयं सेवकों को उस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण स्वयं सेवकों द्वारा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का नाम नवस्फूर्ति-2023 स्वयं सेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम रखा गया है। सर संघचालक भगत के वागड़ दौरे को लेकर की तैयारियां भी जोरों पर है।

## ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा में सात दिवसीय मेगा जॉब फेयर 21 फरवरी से

**सागवाडा।** ज़ील अस्पताल सागवाड़ा में सात दिवसीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। ज़ील अस्पताल के मुख्य एचआर वैभव राजोरिया ने साझा किया कि इस मेगा जॉब फेयर के माध्यम से हम वागड़ क्षेत्र के युवाओं को वागड़ क्षेत्र में रोजगार प्रदान करेंगे। राजोरिया ने कहा कि इस जॉब फेयर में हम नर्सिंग विभाग, संचालन विभाग, लेखा विभाग और बिलिंग विभाग के लिए 100 से अधिक उम्मीदवारों की भर्ती करेंगे।जॉब फेयर 21 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। जॉब फेयर का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

## पत्थरों से कुचला सिर, मोरन नदी में मिला युवक का शव

सागवाडा। वरदा थाना क्षेत्र के आंतरी गांव के पास मोरन नदी में युवक का शव मिला है। युवक का सिर पत्थरों से कुचला गया है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वरदा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।वरदा थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह आंतरी गांव से फोन आया कि एक युवक का शव मोरन नदी में पड़ा हुआ है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। नदी के पानी में युवक का शव डूबा हुआ था, जबकि युवक के सिर पर पत्थर पड़े हुए थे, जिसका सिर कुचल दिया था। युवक की पहचान आंतरी निवासी शुभम (24) पुत्र स्व. कन्हैयालाल पंचाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर मृतक शुभम के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। गांव के लोगों ने बताया कि रात करीब 8 बजे तक उसे गांव में ही घूमते हुए देखा था। इसके बाद रात तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी मां भी उसे फोन करती रही। रात करीब साढ़े 9 बजे शुभम का फोन भी बंद हो गया। रातभर परिवार के लोग उसकी खोजबीन करते रहे। सोमवार सुबह मोरन नदी की ओर कुछ लोगों ने उसका शव देखा। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिए है। पत्थर से युवक का शव कुचलने की वजह से पुलिस हत्या का मामला मानकर जांच में जुट गई है। शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान आवासन मंडल एक बार फिर हुआ गौरवान्वित



**जयपुर।** प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और राजस्थान आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की प्रभावी कार्यशैली को देश भर में सराहा जा रहा है। इसी कड़ी में मुंबई में टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने पवन अरोड़ा को प्रतिष्ठित विजनरी लीडर और प्रतिष्ठित वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। विधानसभा सत्र होने के कारण अरोड़ा की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त जेएस बुगालिया और डॉ दिलीप शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। आवासन आयुक्त को सोमवार शाम को मण्डल मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियन्ता प्रथम केसी मीणा, मनोज गुप्ता ने दोनों अवार्ड अरोड़ा को भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं बल्कि पूरी टीम का होता है। जोश, जुनून और पूरी ईमानदारी के साथ काम करना मेरा शगल रहा है।

## मुंबई की फ़र्म करेगी शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम

### मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुरूप सागवाड़ा शहर को आरयूआईडीपी के चौथे पेज में शामिल किया गया था

सागवाडा। शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुरूप सागवाड़ा शहर को आरयूआईडीपी के चौथे पेज में शामिल किया गया था। शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण पर 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आरयूआईडीपी के तहत एशियन डेवलपमेंट बैंक इस कार्य के लिए फंडिंग करेगा। तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर लगाया गया टेंडर मुंबई के कंपनी के नाम खुला है। अब कुछ विभागीय प्रक्रिया के बाद फ़र्म को वर्क आर्डर जारी किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि नगर पालिका की ओर से तलाबों के सौंदर्यीकरण का काम हाथ में लिया गया था। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के प्रयासों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने सागवाडा शहर को आरयूआईडीपी में शामिल किया है जिसके तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम एशियन डेवलपमेंट बैंक की ओर से किया जाएगा। राजस्थान नगरीय आधारभूत परियोजना की टीम के सदस्यों और अश्विन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों की ओर से तालाबों में होने वाले कार्य का सर्वे किया जा चुका है। इसी के तहत शहर में सीवरेज लाइन और पेयजल के लिये 119 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### इन तालाबों की सुधरेगा दशा

सागवाड़ा शहर के पांचों तालाब दुर्दशा के शिकार हैं। तालाब जलकुंभी और गंदगी से अटे पड़े हैं। लोहारिया, मसाणिया, गमलेश्वर, हरियाला और बोलियां तालाब की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बताया कि तालाबों का सौंदर्यीकरण चुनाव का प्रमुख वादा था। इसी लिये इस कार्य की मुख्यमंत्री से भेंट में घोषणा कराई गई। आरयूआईडीपी के चौथे पेज में इस कार्य को स्वीकृति मिली है।

### तालाबों के किनारे वोकिंग टेक, गार्डन और फाउंटेन

शहर के इन पांचों तालाबों के विकास का प्लान तैयार है। सबसे पहले जल आवक मार्ग से अवरूद्ध हटाते जाएंगे और तालाबों को गहरा किया जाएगा। तालाब के पास वोकिंग टेक, गार्डन और फाउंटेन लगाए जाएंगे। लाइटिंग और पाल का सुदृढ़ीकरण होगा।

## एक दिन पहले निकला घर से निकला युवक का शव खेत में फंदे से लटका मिला

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक 1 दिन पहले पूंजपुर गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं आया।

दूसरे दिन सुबह उसका शव घर से करीब 300 मीटर दूर खेत में पेड़ पर लटका मिला। फिलहाल युवक के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।थानाधिकारी हेमंत कुमार चौहान ने बताया कि थावरा ननोमा निवासी लीलवासा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका बेटा पोपट ननोमा (18) मजदूरी का काम करता था। रविवार को दोपहर के समय पूंजपुर गांव जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं आया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकार नहीं मिल पाई।

घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर खेतों के बीच एक पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। इस पर लोगों ने उसको नीचे उतारा। थानाधिकारी ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूरी जानकारी ली।

इसके बाद शव को बनकोड़ा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### व्यास मेडिसिटी का लोकार्पण- आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना राज्य सरकार का ध्येय- चिरंजीवी योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम, सरकार के निरोगी राजस्थान विजन में व्यास मेडिसिटी करेगी सहयोग

## राजस्थान की संस्कृति में है संवेदना, हमने हमेशा सेवा का भाव रखा : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान की परम्परा एवं संस्कृति संवेदनाओं वाली है। हमने हमेशा सेवा का भाव रखा है। राज्य सरकार मानवता की सेवा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का निरन्तर विस्तार कर रही है। गहलोत सोमवार को जोधपुर में व्यास मेडिसिटी का उद्घाटन करते हुए समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उदेश्य केवल लाभ कमाने का नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सेवा का भी माध्यम है। यदि अन्य राज्य का व्यक्ति भी राजस्थान में आकर बीमार हो तो उसे भी समुचित उपचार मिलना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि निजी अस्पतालों को इसके लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में हरसंभव कदम उठाए हैं। राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी योजनाओं को निरन्तर मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का उल्लेख करते हुए गहलोत ने कहा कि योजना के अन्तर्गत अब बीमा कवर 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है, जो दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा की राशि भी 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण के लिए अब राज्य के बाहर स्थित अस्पतालों में भी पैकेज देना अनुमत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना प्रबंधन में राजस्थान अव्वल रहा। सबको साथ लेकर राज्य सरकार ने कोरोना प्रबंधन किया। भीलवाड़ा मंडल को पूरी दुनिया में सराहा गया। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'कोई भूखा ना सोए' के संकल्प के साथ राज्य में सभी जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 1 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है तथा न्यूनतम पेंशन राशि 1 हजार रुपए की गई है। इसमें 12 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है। गहलोत ने कहा कि केन्द्र सरकार को भी देश में सामाजिक सुरक्षा को लेकर एक समान कानून बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन की तकलीफों को दूर करते हुए राज्य के प्रत्येक अंचल का समग्र विकास किया है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में भी हर क्षेत्र में विकास कार्यों पर पूरा ध्यान रखा गया है। जोधपुर में संभवत: सभी प्रतिष्ठित संस्थान स्थापित हैं। यहां एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, एमबीएम इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं दिव्यांगजनों के लिए महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय खोलने की भी घोषणा की गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेडिसिटी परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। कार्यक्रम में जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार, लूणी विधायक महेन्द्र बिश्नोई, राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, जोधपुर (उत्तर) महापौर कुंती परिहार एवं व्यास मेडिसिटी चेयरमैन मनीष व्यास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




आपका टीवी मनोरंजन.. हमारी जिम्मेदारी
- डिश सेट करना
- डिश रिचार्ज करना
- नई डिश लगवाना
- पैकेज की जानकारी लेना

डिश टीवी के सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए संपर्क करे

आदित्य & कंपनी- सचिन परमार, मो. 7340191819



H-2023-1110

zeel MULTISPECIALITY HOSPITAL

WE'RE HIRING

for 200 Bedded Hospital in Vagad Territory.



WALK IN INTERVIEW

21st February 2023 Onwards
Time of Interview - 11AM - 05PM

| JOB OPENING | VACANCY | LOCATION |
|---|---|---|
| RMO for Gen ward & Private ward | 6 | Sagwara |
| RMO for ICU | 3 | Sagwara |
| ER & ICU - Nursing Staff | 37 | Sagwara |
| ANM Nurses for OPD | 13 | Sagwara |
| Staff Nurse - General/Pvt Ward | 36 | Sagwara |
| Gynec Nursing | 3 | Sagwara |
| OT Scrub Nurse | 6 | Sagwara |
| FOR NON CLINICAL STAFF | | |
| Audiometry Technician | 1 | Sagwara |
| Dialysis Technician | 1 | Sagwara |
| OT Technician | 2 | Sagwara |
| X-Ray Technician | 1 | Sagwara |
| BME Executive | 1 | Sagwara |
| Social Media Coordinator | 1 | Sagwara |
| Security Staff | 8 | Sagwara |

zeel MULTISPECIALITY HOSPITAL
Rudraprayag, Sagwara - 314025, Dist-Dungarpur (Rajasthan)
HR Contact No. 93512 30467
Emergency No. 9462996299
hr@zeelhospital.com